नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 288 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, शुक्रवार 26 अगस्त 2022



पेज -3 पर पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति के खिलाफ मिथ्या जानकारी ...



भूपेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री का सफेद झूठ शर्मनाक .... पेज -4 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

कोरबा में गर्भवती की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर को पीटा भी था

### डॉक्टर पर एफआईआर से भड़का आईएमए



**रायपुर।** कोरबा में एक गर्भवती की मौत के बाद डॉक्टर की पिटाई और उनके खिलाफ की एफआईआर के मामले ने तुल पकड़ लिया है। डॉक्टरों के संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-ह्रूरू ने इसपर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का सीधा-सीधा उल्लंघन है। प्रशासन को एफआईआर से पहले कमेटी से जांच करानी चाहिए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार अग्रवाल और छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, कोरबा के अस्पताल में मरीज की मौत के बाद उनके परिजनों का यह आरोप कि इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी मृत्यु हुई, बहुत दुखद है। उसके बाद उन्होंने जिस प्रकार की हिंसात्मक कार्रवाई चिकित्सकों और अस्पताल के स्टाफ के विरुद्ध की, वह निंदनीय है।

### 11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने जुआरी व सटोरिए के खिलाफ अभियान चलाते हुए 11 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 4170 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने गंगानगर खमतराई में जुआ खेलते आरोपी सुरेश निषाद 42 वर्ष, महेन्द्र लसेल 20 वर्ष सहित अन्य 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सड़कों का हाल बेहाल सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी मौन आखिर क्यों ?

## विपक्ष धर्म निभाना भूल गई धरमजयगढ़ भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के चारों ओर की सड़कों का हाल इतना बेहाल है। कि आप अपने आप को धरमजयगढ़ का निवासी कहने में शर्म लगेगा सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क बताना मुश्किल होगा। सड़क में तालाबनुमा गड्ढे इन जनप्रतिनिधियों को दिखाई नहीं देता आखिर दिखाई दे भी क्यों इनको तो दिखाई नहीं देने के एवज में ठेकेदार बहुत कुछ दे देते हैं। जिसके कारण आज धरमजयगढ़ क्षेत्र की सड़कों का हाल चलने लायक नहीं है।



2023 चुनाव में क्षेत्रवासी लेंगे विधायक राठिया से हिसाब

क्षेत्रवासी अपना जनप्रतिनिधि इसलिए चुनते हैं। ताकि क्षेत्र का विकास हो शासन की योजना का लाभ मिले लेकिन हमारे द्वारा चूने गये जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना फायदा देखते हैं जनता का नहीं। हमारे द्वारा चूने गये जनप्रतिनिधि ऐसी गाड़ी से नहीं उतरते जिसके कारण इनको क्षेत्र की दुर्दशा दिखाई नहीं देता है। लेकिन जनप्रतिनिधि भूल जाते हैं कि जनता ने इन्हें 5 साल के लिए ही चूना है। जनप्रतिनिधियों को याद रखना चाहिए कि 5 साल बाद फिर चुनाव होना है। क्षेत्र के जनता के साथ खिलवाड़ करने वाले जनप्रतिनिधियों को जनता चुनाव में सबक सिखाते हैं जिसका ताजा उदाहरण है 2018 के चुनाव में प्रदेशवासियों ने 15 साल राज करने वाली भाजपा को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा, 15 साल राज करने वाली भाजपा को 15 सीट में ही सीमट कर रख दिया। धरमजयगढ़ विधायक को ये सब याद करके क्षेत्रवासियों के अनुरूप कार्य करना चाहिए, क्षेत्र का विकास पर ध्यान देना चाहिए, क्षेत्र का विकास होगा तो जनता फिर विधानसभा भेजेगी नहीं तो 2023 में अच्छे से हिसाब लेगी। सिर्फ मीडिया वालों को मैनेज करने के लिए स्वेच्छा अनुदान एवं जनसंपर्क राशि से मीडिया वालों को खुश करने से जनता खुश नहीं होगी। ये पब्लिक है सब जानती है कब किससे हिसाब करना है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर









### सड़कों के लिए सड़क पर क्यों नहीं उतरती भाजपा

*शहर की पहचान सड़कों से ही पता चल जाता है कि क्षेत्र का विकास कितना हो रहा है जब तक सड़क, पानी, बिजली जैसे मूलभुत सुविधा क्षेत्रवासियों को नहीं मिलेगा तब तक विकास का कल्पना करना भी बेईमानी होगी। लेकिन हमारे क्षेत्र की जनता को ये तीनों चीज से दूर रखा जाता है। हम अगर बात करें बिजली की तो धरमजयगढ़ क्षेत्र में तो बिजली भगवान भरोसे है, दिन में कितनी बार गोल होता है ये तो बिजली विभाग को भी नहीं मालूम, वैसे ही नगरीय क्षेत्र में कई-कई दिनों तक पानी नगरवासियों के घर में नहीं पहुंचती है। लेकिन जनता के इस समस्या से नगर पंचायत के पार्षद अध्यक्ष को कोई सारोकार नहीं सब अपने आप में मस्त हैं। अब हम बात करते हैं धरमजयगढ़ शहर के चारों ओर की सड़कों की धरमजगढ़ से रायगढ़ 76 किलोमीटर का सफर करने के लिए 5 घंटे लगते हैं जबकि पहले रायगढ़ जाने के लिए 2 घंटे से भी कम लगते थे। वहीं अगर किसी को बस से हाटी जाना है तो मात्र 24 किलोमीटर का सफर लगभाग 2 घंटे में पूरा होता है। धरमजयगढ़ से पत्थलगांव जाने के लिए भी 2 घंटे लग जाते हैं जबकि 1 घंटे से भी कम समय का सफर है। कापू रोड का निर्माण कब पूरा होगा इसे तो ठेकेदार सुनील रामदास भी नहीं बता सकते, इसको पता करना है तो आपको भगवान के पास जाना होगा पूछने के लिए। सड़कों का इतना दुर्दशा होने के बाद भी विपक्ष में बैंठे भाजपा को दिखाई नहीं दे रहा है। विपक्ष बेरोजगारी भत्ता पर राजनीति करने रायपुर जा सकते हैं। लेकिन अपने नगर की सड़कों के दुर्दशा को लेकर आवाज बुलंद नहीं करती है। ये भाजपा का असली चेहरा, अब लोग बोलने लगे हैं कि सड़क के लिए सड़क पर कब उतरेगी भाजपा। प्रदेशवासियों ने भाजपा को विपक्ष में बैंठाये हैं तो भाजपा अपना विपक्ष धर्म निभाये ताकि आने वाले चुनाव में क्षेत्रवासी एक बार फिर अपना जनप्रतिनिधि बना कर विधानसभा भेजे।*

# 'भाजपा के 10 विधायक कांग्रेस के राजनीतिक सहयोगी' वे नहीं चाहते आगे भी बीजेपी की सरकार बने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस बीच सरकार में संसदीय सचिव और रायपुर विधायक विकास उपाध्याय ने दावा किया है कि भाजपा के 14 में से 10 विधायक कांग्रेस के निकट राजनीतिक सहयोगी हैं। वे नहीं चाहते हैं कि आगे भी भाजपा की सरकार बने। इसीलिए वे लोग पिछले पौने चार साल से चुप्पी मारकर बैठे हुए थे।

बेरोजगारी के मुद्दे पर बुधवार को रायपुर में हुए भाजपा के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा इसलिए अब सफल नहीं हो सकती, क्योंकि उन्हीं के विधायक नहीं चाहते कि भाजपा सत्ता में वापसी करे। उन्होंने दावे के साथ कहा कि भाजपा के 14 में से



10 विधायक ऐसे हैं जो कांग्रेस के निकट राजनीतिक सहयोगी हैं। उनकी इच्छा बिल्कुल भी नहीं है कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करे। यही वजह है कि ये पौने चार साल तक चुप्पी साधे बैठे रहे। परंतु भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व 2024 में फिर से वापसी करना चाहता है। इसलिए एक प्रयोग के तहत् छत्तीसगढ़ की कांग्रेस नेतृत्व को चुनौती देने के लिए पार्टी का डबल इंजन बदलकर नया प्रयोग किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बदले गए। वे भी पिकअप नहीं ले पा रहे थे और ये भी अब पूरी तरह से फेल्योर साबित हुए हैं।

### ईडी-आईटी से नहीं डरा पाए तो यह नया प्रयोग

विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, देश में छत्तीसगढ़ एकमात्र प्रदेश है जिसे केन्द्र की भाजपा सरकार ईडी और आईटी के माध्यम से डरा नहीं पाई। इसलिए पहले तो पार्टी के अन्दर ही प्रयोगशाला बनाकर डबल इंजन बदलने के नए मॉडल का प्रयोग हुआ। अब पार्टी उस मुद्दे को लेकर राग अलाप रही है, जिस बेरोजगारी को लेकर केन्द्र की भाजपा सरकार खुद करोड़ों युवाओं के निशाने पर है।

# छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू से 7वीं मौत

## जांजगीर-चांपा की महिला मरीज ने बिलासपुर में दम तोड़ा

**रायपुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू संक्रमण जानलेवा बनता जा रहा है। पिछले एक महीने में इस बीमारी की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। अब तक की आखिरी मौत बिलासपुर में हुई है। रायपुर और बिलासपुर में स्वाइन फ्लू संक्रमण के 6-6 नए केस सामने आए हैं। ऐसे में इस वायरस की चपेट में आ चुके लोगों की कुल संख्या 141 तक पहुंच गई है। अभी 74 मरीजों का इलाज जारी है। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने बताया, निजी अस्पताल में जांजगीर-चांपा की रहने वाली एक महिला की मौत हुई है।





### तीन दिन से लगातार मौतें

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू से पहली मौत अगस्त के पहले सप्ताह में हुई थी। यह चार साल की एक बच्ची थी जिसे कवर्धा से लाकर रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके कुछ दिनों के अंतराल पर दो और मौतें हुई। अभी पिछले सोमवार को मेकाहारा में एक महिला की मौत हुई। उसके बाद एम्स में राजनांदगांव के एक बुजुर्ग ने दम तोड़ा। बुधवार को बिलासपुर के निजी अस्पताल में एक युवा मरीज की मौत हो गई।

### 16 जिलों में फैला है संक्रमण

छत्तीसगढ़ के 28 में से 16 जिलों से स्वाइन फ्लू संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। इन जिलों में रायपुर, धमतरी, दुर्ग, रायगढ़, दंतेवाड़ा, बलौदा बाजार, राजनांदगांव, बिलासपुर, बस्तर, बालोद, कवर्धा, कोरबा, कांकेर, कोरिया, जांजगीर-चांपा और गरियाबंद शामिल है। इनमें से कम से 12 जिलों में अब भी एक्टिव केस हैं।

### बचाव के लिए यह करना होगा

छत्तीसगढ़ में महामारी नियंत्रण विभाग के संचालक डॉ. सुभाष मिश्रा का कहना है, स्वाइन फ्लू संक्रमण से बचाव का सबसे बेहतर उपाय शारीरिक दूरी ही है। भीड़-भाड़ से परहेज करें।

विरोध प्रदर्शन — भाजयुमो-बीजेपी के 'हल्ला बोल' के बाद एक्शन में पुलिस

# 20 से ज्यादा भाजपाइयों पर एफआईआर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में बुधवार को BJP-BJYM के हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन के बाद अब पुलिस एक्शन में आ गई है। प्रदर्शन के दौरान की गई वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के जरिए पुलिस ने 20 नामजद सहित अन्य भाजपाइयों पर मामला दर्ज किया है। इनके ऊपर हंगामे, तोड़फोड़, शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य मामले शामिल होने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक, जगदलपुर के कार्यकर्ता अविनाश श्रीवास्तव, आनंद झा और अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। ह्रष्टरू चौक के पास पुलिस को लाठीचार्ज के लिए उकसाने, अपशब्दों का



प्रयोग करने, जवानों से अभद्रता और धक्कामुक्की का आरोप है। वहीं तुषार चोपड़ा और अन्य पर पुलिस से अभद्रता, मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा डालने पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पंचशील नगर में बैरिकेड के पास शुभम गुप्ता निवासी अकलतरा, सोनू सिंह निवासी अकलतरा, रवि पांडे निवासी जांजगीर चांपा, नरोत्तम गव्हेल निवासी मालखरोदा, सुमित पांडे निवासी अकलतरा, राजकुमार चंद्रा निवासी जांजगीर-चांपा, गिरधर गोपाल चंद्रा निवासी जैजैपुर, मनोज कुमार साहू निवासी जैजैपुर, करण कुमार यादव निवासी अकलतरा, सुनील सिंह निवासी अकलतरा और अन्य भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर भी सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। इन सभी पर तोड़फोड़, अभद्रता, पुलिस कर्मचारियों को धक्का देने, उन्हें चोट पहुंचाने, शासकीय काम में बाधा डालने के आरोप हैं।

### 'हल्ला बोल' पर अब फोटो वॉर

इधर भाजपा के हल्ला बोल विरोध-प्रदर्शन पर अब फोटो वॉर भी शुरू हो गया है। जहां पुलिस का कहना है कि कार्यकर्ताओं ने पुलिस जवानों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया, तो भाजपाइयों का कहना है कि पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। प्रदर्शन खत्म होने के बाद अब दोनों ही तरफ से एक दूसरे पर जुल्म करने जैसे आरोप लगाते हुए फोटो वॉर शुरू हो गया है। पुलिस के अपने दावे हैं और भाजपाइयों के अपने। भाजपा नेताओं ने कहा है कि भगत सिंह चौक की तरफ से ष्टरूआवास का घेराव करने जाते वक्त पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। ओपी चौधरी की अगुवाई में अनुराग चौबे नाम के कार्यकर्ता घेराव के आगे बढ़ा तो पुलिस से झड़प हुई।

राजधानी में अब होगा आर्गन ट्रांसप्लांट

# रायपुर के दो निजी अस्पतालों को मिली आर्गन ट्रांसप्लांट की मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार दो निजी अस्पतालों को आर्गन ट्रांसप्लांट की मंजूरी मिल गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इन अस्पतालों को ब्रेन डेड मरीजों के कैडेवर आर्गन ट्रांसप्लांट करने की अनुमति दी है। औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जल्दी ही ये अस्पताल ट्रांसप्लांट शुरू कर सकेंगे। यहां हार्ट, लीवर, किडनी व लंग का ट्रांसप्लांट हो सकेगा। इलाज के लिए आयुष्मान योजना से फंड भी मिलेगा, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग पहले ही केंद्र को पत्र भेज चुका है। अनुमति के बाद अब इन अस्पतालों को सोटो यानी स्टेट आर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन में पंजीयन कराना होगा। इसके एक माह बाद





ये ट्रांस्प्लांट शुरू कर सकेंगे। कैडेवर आर्गन डोनेशन पॉलिसी बनने के बाद अब अस्पतालों को मंजूरी मिलना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

पॉलिसी नहीं बनने के कारण जरूरतमंद मरीजों को भटकना पड़ रहा था। यही नहीं, ब्रेन डेड मरीजों के परिजन भी पॉलिसी नहीं होने से चाहकर भी अंगदान नहीं कर पा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग ने दो बड़े निजी अस्पतालों आर्गन ट्रांसप्लांट के लिए मंजूरी दी है।

### ग्रीन कॉरीडोर भी बनाए जाएंगे

सोटो ही तय करेगी कि ब्रेन डेड मरीज का आर्गन ट्रांसप्लांट कहां होगा? इसके लिए ग्रीन कॉरीडोर भी बनाया जाएगा, ताकि ब्रेन डेड व्यक्ति के अंग खराब होने से पहले ही इस्तेमाल हो जाएं। ब्रेन डेड मरीज के किडनी को निकालने के बाद 24 घंटे तक इसे ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। वहीं लीवर, हार्ट व लंग के लिए महज 4 से 6 घंटे चाहिए।

# सीखने ही होंगे वरना स्वास्थ्य क्षेत्र में अनदेखी की भारी कीमत चुकानी होगी

कभी-कभी कॉमेडियन जनस्वास्थ्य से जुड़े संदेशों को सबसे शक्तिशाली तरीके से व्यक्त करते हैं। अमेरिका के देर रात प्रसारित होने वाले चर्चित टॉक शो के होस्ट और कॉमेडियन जॉन ओलिवर ने हाल ही में कहा, %लंबे समय तक हम इसी चमत्कारिक सोच में उलझे थे कि वायरस कहीं और मौजूद है, इसलिए हमें उन्हें लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। मंकीपॉक्स वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल केवल नवीनतम चेतावनी है कि हमारी यह सोच कितनी त्रुटिपूर्ण है। मंकीपॉक्स की महामारी मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में दशकों से व्याप्त है।

नाइजीरिया में 2017-18 में इसका जो प्रकोप फैला था, वह आज के हालात के लिए एक तरह से संकेत था। अफ्रीकी वैज्ञानिक पिछले कुछ समय से इसे लेकर चेतावनी दे रहे थे। निराशाजनक रूप से, दुनिया ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अब हम अफ्रीका की अनदेखी करने की कीमत चुका रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गैर-स्थानिक देशों में मंकीपॉक्स के प्रकोप के पीछे कई कारक हैं- चेचक के टीके की समाप्ति, बढ़ते व्यापार और गतिशीलता, कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील, वन भूमि का अतिक्रमण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि। वैश्विक रूप में मंकीपॉक्स के अब तक 44 हजार से अधिक मामले आ चुके हैं और 12 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में अब तक इसके नौ मामले सामने आ चुके हैं और इसमें एक मौत भी शामिल है। इनमें दिल्ली के चार मामले और केरल में मंकीपॉक्स से हुई एक मौत शामिल है। अमेरिका और यूरोप के कुछ हिस्सों में जो हो रहा है, उसकी तुलना में यह संख्या बहुत कम है। लेकिन आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। कोरोना वायरस की महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। कुछ अन्य देशों की तरह भारत भी सार्स-कोवि-2 के नए वैरिएंट्स और उसके विस्तार से संघर्ष कर रहा है। लाखों भारतीय कुछ अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त हैं, लिहाजा कोविड से उनके लिए जोखिम अधिक है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि एक नई महामारी कैसे, कब और कहां हो सकती है और किन उपायों से इसे रोका जा सकता है। तैयारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि भारत में तैयारियों को लेकर होने वाली चर्चा में अक्सर एक जरूरी तत्व,



कोविड और मंकीपॉक्स से जुड़े सबक

भारत अब भी उन देशों में शामिल है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च सबसे कम हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई-सी है। जब कोई स्वास्थ्य प्रणाली सामान्य समय में आम लोगों की सेवा नहीं कर सकती, तब यह मुश्किल ही है कि वह स्वास्थ्य संबंधी संकट के समय प्रभावी तरीके से काम कर पाएगी।

मानव संसाधन पीछे छूट जाता है। महामारी विशेषज्ञ डॉ. गिरिधर आर बाबू कहते हैं, %महामारी की तैयारी कोई इवेंट नहीं है, बल्कि एक मजबूत और लचीली सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की प्रक्रिया है, जो प्रकोपों का सक्रिय रूप से पता लगाती है और प्रतिक्रिया करती है। महामारी की तैयारी के केंद्र में सामान्य समय के दौरान स्वास्थ्य प्रणाली की चुनौतियों के समाधान की कोशिश होती है। इसका अनिवार्य रूप से अर्थ है कि मानव संसाधनों पर ध्यान केंद्रित किया जाए, जो कि दुनिया में हर जगह प्रभावी स्वास्थ्य प्रणालियों को शक्ति प्रदान करता है। मंकीपॉक्स का प्रकोप फैलने के बाद निगरानी को लेकर ढेर सारी बातें की जा रही हैं, लेकिन बाबू कहते हैं, निगरानी को मजबूत करने और प्रकोपों का जवाब देने के लिए प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे और कुशल शासन तंत्र के साथ मानव संसाधनों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही वह यह भी कहते हैं, दुर्भाग्य से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों की निरंतर उपेक्षा पुरानी स्थिति में लौटने को प्रेरित होती है। भारत अब भी उन देशों में शामिल है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च सबसे कम हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई-सी है। जब कोई स्वास्थ्य प्रणाली सामान्य समय में आम लोगों की सेवा नहीं कर सकती, तब यह मुश्किल ही है कि वह स्वास्थ्य संबंधी संकट के समय प्रभावी तरीके से काम कर पाएगी। बाबू तो यह भी कहते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल के समय तो मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियां तक ध्वस्त हो जाती हैं। भारत में शहरी क्षेत्रों की आबादी की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य कार्यबल (आशा कार्यकर्ता और एएनएम) पर्याप्त संख्या में मौजूद नहीं है। नतीजन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं, जैसा कि कोविड-19 के दौरान देखा गया। यही समय है, जब खामियों को दूर करने और सभी तरह के प्रकोपों से निपटने में सक्षम स्वास्थ्य कार्यबल खड़ा करने के बारे में विचार किया जाए।

सुधीर कुमार झा

## संपादकीय

### हमारे लिए भी गौरतलब

फ्रांस में ज्यादातर बिजली उत्पादक कंपनियां सार्वजनिक क्षेत्र में हैं। फ्रांस सरकार सरकार इन कंपनियों को रियायती दर पर ऊर्जा बेचने का निर्देश दे सकती है। तो फिलहाल ये कंपनियां लागत मूल्य से एक चौथाई कम पर ऊर्जा की सप्लाई कर रही हैं। यह एक ऐसा फर्क है, जिस पर हम सबको ध्यान देना चाहिए। यह एक नीतिगत अंतर है, जिसके परिणाम ने अब ध्यान खींचा है। यह तो यह जग-जाहिर है कि ब्रिटेन के लोगों को ऊर्जा की अत्यधिक महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। अगली सर्दियों में वहां प्राकृतिक गैस और बिजली का औसत बिल 4000 पाउंड से ऊपर जा सकता है। यानी 12 महीने पहले ब्रिटेन के लोग गैस और बिजली के लिए जो कीमत चुका रहे थे, उससे तीन गुना ज्यादा कीमत उन्हें चुकानी होगी। लेकिन ब्रिटेन के पड़ोसी देश फ्रांस में ऐसी हालत नहीं है। ध्यान देने की बात यह है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों में रूसी गैस की सप्लाई घटी है। मगर फ्रांस में परिवारों के औसत ऊर्जा बिल में पांच प्रतिशत से भी कम बढ़ोतरी हुई है। जबकि ब्रिटेन में सबसे गरीब घरों के बिल में भी- जिन्हें सरकारी सहायता मिलती है- सर्दियों में 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी हो जाएगी। तो जाहिर है, यह अंतर चर्चा का विषय बना है। कुछ रोज पहले इस बारे में एक अध्ययन रिपोर्ट आई। उससे पता चला कि आखिर ये फर्क क्यों है। स्पष्ट हुआ कि अंतर का कारण दोनों देशों में मार्केट रेगुलेशन की नीतियां हैं। ब्रिटेन की नीति ऊर्जा कंपनियों के हक में है। वहां कंपनियों को छूट है कि ऊर्जा प्राप्त करने की दर बढ़े तो वे अपने मुनाफे को अप्रभावित रखते हुए दाम बढ़ाएं।

# अब देसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जरूरत, डिजिटल दुनिया में आजाद और मजबूत विकल्प की दरकार

इंटरनेट आज आम आदमी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। जैसे औद्योगिक युग में बिजली के इंजन ने सामाजिक और आर्थिक परिवेश को बदल दिया था, ठीक वैसे ही यह लोगों के निजी जीवन, संगठनों के आगे बढ़ने और राष्ट्रों की राजनीतिक रिवायतों को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका अदा कर रहा है।

लेकिन क्या इस डिजिटल दुनिया में हम वाकई आजाद हैं? या हम अब भी उन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर हैं, जो पश्चिमी देशों में बनाए गए हैं और भारत जैसे देशों में विचारों को पेश कर इन्हें आगे बढ़ा रहे हैं।

अन्य चीजों का जहां उत्पादन नियंत्रित होता है और दुरुपयोग को रोकने के लिए आपूर्ति राशन के मुताबिक की जाती है, सोशल मीडिया इससे उलट है और यह डाटा, कंटेंट और सूचना को लगातार विस्तार देने वाला संसार है। ऐसे प्लेटफॉर्म का स्वामित्व निजी हाथों में होता है। परिणामस्वरूप, यूजर्स के डाटा के दुरुपयोग के साथ-साथ विचारधारा, जाति, लिंग, धर्म जैसे विषयों पर दुष्प्रचार और एल्गोरिदम में हेरफेर की संभावनाएं रहती हैं। इसके अलावा, ऐसे प्लेटफार्म अपने मूल देश के कानूनों के अधीन होते हैं, जिससे उस देश की सरकार यूजर्स के डाटा तक आसानी से पहुंच सकती हैं, फिर चाहे वह डाटा विदेशी यूजर्स का ही क्यों न हो। उदाहरण के लिए, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के पास प्रिज्म नाम का एक ऐसा उपकरण है, जो गूगल, फेसबुक, एप्पल जैसी प्रमुख इंटरनेट और संचार कंपनियों के यूजर्स के डाटा को एकत्र करने के लिए संविधान के प्रोटेक्ट अमेरिका ऐक्ट, 2007 के तहत बनाया गया था। हालांकि प्रिज्म में शामिल शीर्ष कंपनियां और अमेरिकी सरकार इसके अस्तित्व को नकारती रही, लेकिन तकरीबन छह वर्षों तक, जब तक मीडिया में लीक रिपोर्ट्स के जरिये इसकी हकीकत सामने नहीं आई, तब तक प्रिज्म का अस्तित्व और विस्तार एक रहस्य बना रहा।



इंटरनेट

एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत के इंटरनेट स्टार्ट-अप क्षेत्र में करीब 4.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया, जिसमें अकेले 2020 में लगभग 95 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। सोशल मीडिया कंपनियों के लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार है।

अब कई देशों के लिए यह मामला एक गंभीर चुनौती बन चुका है, अन्य देशों के प्रति प्रबंधन की जवाबदेही बेहद कम है और नतीजे तो उससे भी कम। इसके परिणामस्वरूप भारत में भी अपने स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सख्त जरूरत महसूस हो रही है। क्या हम तकनीकी रूप से इस स्वदेशीकरण को हासिल करने में सक्षम हैं? निश्चित रूप से इसका जवाब हां है। वर्ष 2020 में, चीन के साथ तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सुरक्षा और निजता का हवाला देते हुए टिकटॉक, शेयरइट और वीचैट जैसे मशहूर मोबाइल ऐप समेत कई चीनी ऐप्स पर पाबंदी लगा दी थी। फिर जब भारत ने 321 चीनी ऐप्स को गैरकानूनी घोषित किया।

हरीश कुमार

## मिला जुला

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया में शिक्षक की कमी

लगातार स्कूली बच्चे ग्राम मुखिया, जनप्रतिनिधि कर रहे आवेदन पर नहीं हुआ कोई भी असर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला के चंदनु थाना से महज ही दूरी पर लगा हुआ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया जो सामान्य आबादी वाले क्षेत्र में आता है जहां पर प्राइमरी और मिडिल स्कूल का संचालन एक ही जगह में होता है जिसमें प्राइमरी स्कूल पर लगभग 111 बच्चे और मिडिल स्कूल में वर्तमान स्थिति में 141 बच्चे हैं और पिछले सत्र में लगभग 165 बच्चे और हो सकता है कि पिछले और सत्र में ज्यादा रहे हो और 2006 से मिडिल स्कूल प्रारंभ होने से लेकर आज दिनांक तक अभी भी यहां शिक्षकों की जो कमी है उसे पूरी नहीं की गई और सभी बच्चे अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए हैं मगर आज भी किसी और दूसरे शिक्षक की आने की ताकि गणित और अंग्रेजी की जो पढ़ाई कम होती है या पूर्ण रूप से नहीं हो पाती है वह पूर्ण हो जाए इस आकांक्षा में बैठे हुए हैं। मिडिल स्कूल झिरिया में ग्राम पंचायत के मुखिया, शाला समिति और गांव वालों के द्वारा भी मौखिक रूप से, आवेदन के रूप से उच्च अधिकारियों के साथ-साथ विधायक तथा मंत्रियों को भी अवगत करा दिए हैं बावजूद इसके अभी तक संख्या दर बच्चे होने के बावजूद भी शिक्षक की कमी है और 2 शिक्षक के भरोसे आज भी स्कूल जारी स्थिति में है।

शिक्षकों ने बताया कि बीच-बीच में शिक्षक आते तो थे मगर कुछ दिन के लिए ही मगर स्थाई रूप से यहां तीसरे शिक्षक की व्यवस्था नहीं हुई और आज भी 2 शिक्षक के द्वारा ही स्कूल का संचालन हो रहा है और शिक्षा विभाग के नजरिया से देखा जाए तो दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षक और होना चाहिए ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई अच्छे से जारी रहे और शिक्षा के माध्यम से अपने गांव शहर माता-पिता और राष्ट्र का नाम रोशन करें। मिली जानकारी के अनुसार पास में ही दूसरे गांव के स्कूलों में शिक्षकों की भरमार है मगर कहीं कहीं कमी भी है और ऐसी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई लिखाई की जिम्मेदारी शिक्षकों के ऊपर होती है मगर शिक्षक की कमी होने की वजह से आज भी सामान्य स्तर पर पढ़ाई हो रही है और प्राचार्य कई काम से इधर-उधर और कम रूप से अपनी कार्य कर रहे हैं और दूसरे शिक्षक दिन भर पढ़ाई में बच्चों के लिए जुटे हुए हैं तो वास्तव में व्यवस्था के रूप में ही क्यों ना हो एक शिक्षक की आवश्यकता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया में है अब देखने वाली बात यह होगी कि इस खबर की प्रकाशन करने के बाद उच्च अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हैं या पूर्ववत जारी रहेंगे खबर अभी बाकी है वहां अगले में प्रकाशन की जाएगी।



2006 से 2022 तक स्कूल का संचालन हो रहा मगर शिक्षक की कमी आज भी

दिल्ली सीएम बोले- सरकार गिराने भाजपा 800 करोड़ खर्च करने की तैयारी में

# सीएम केजरीवाल की मीटिंग में नहीं पहुंचे 9 आप विधायक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस' के मुद्दे पर गुरुवार को भी सियासी बवाल जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 9 विधायक नहीं पहुंचे। हालांकि, सिसोदिया को लेकर पार्टी ने कहा कि वे हिमाचल दौरे पर गए हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से पार्टी हाईकमान का संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

मीटिंग के बाद केजरीवाल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- भाजपा हमारे 40 विधायकों को खरीदना चाह रही है। सभी विधायकों को 20-20 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है। भाजपा 800 करोड़ रुपए खर्च कर दिल्ली सरकार गिराना चाहती है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में्कके पास 62 और भाजपा के पास 8 सीटें हैं।



आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार को कोई खतरा नहीं है। सरकार स्थिर है और जो विधायक नहीं आए हैं, वो अपने-अपने काम से बाहर गए हैं। भाजपा ने हमारे 12 विधायकों को पार्टी छोड़ने के लिए ऑफर दिया है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, हमें आपकी सरकार तोड़ने की जरूरत नहीं है। केजरीवाल बताएं कि जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को अब तक क्यों नहीं हटाया गया है।

### भाजपा ने दिल्ली में सिसोदिया का पुतला जलाया

*शराब नीति मामले भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मनीष सिसोदिया का पुतला भी जलाया।*

# पीएमएल के दो नियमों का रिव्यू करेगी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पर दिए गए अपने फैसले का रिव्यू करेगी। रिव्यू पिटीशन की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम काला धन और मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के समर्थन में हैं, लेकिन हमें लगता है कि कुछ मुद्दों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।



सुप्रीम कोर्ट ने इस एक्ट के दो नियमों को लेकर केंद्र को नोटिस भेजा है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने मामले की सुनवाई की। यह सुनवाई ओपन कोर्ट में हुई, यानी इसमें मीडिया और आम लोगों को कोर्ट की कार्यवाही में देखने के लिए शामिल होने दिया गया। कोर्ट ने 27 जुलाई को क्क्रु के विभिन्न प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 241 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए इस एक्ट के तहत प्रवर्तन निदेशालय को मिले गिरफ्तारी के अधिकार को बरकरार रखा था।

# पीएम सुरक्षा में चूक मामले में पंजाब पुलिस की लापरवाही

चंडीगढ़। पंजाब में 5 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक में फिरोजपुर के स्स्क हरमनदीप हंस ने सही ढंग से कदम नहीं उठाए। उन्होंने पीएम की सुरक्षा में तैनात केंद्र के अफसरों को सहयोग नहीं किया।

**2 घंटे पहले बताने पर भी रूट क्लियर नहीं किया**



एसएसपी को पीएम के सड़क मार्ग से जाने के बारे में 2 घंटे पहले सूचना दी जा चुकी थी। इसके बावजूद उन्होंने रूट क्लियर नहीं कराया। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में पीएम सिक्योरिटी चूक पर हुई सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आए। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई जस्टिस इंदू मल्होत्रा की रिपोर्ट में बताया गया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने PM की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को बेहतर ट्रेनिंग देने की जरूरत पर जोर दिया। इसके बाद पूरा मामला केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है। वहीं इसको लेकर एक कमेटी बनाने के लिए भी कहा है।

पेगासस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

### कमेटी ने रिपोर्ट में कहा- जासूसी की जांच में केंद्र नहीं कर रहा सहयोग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में गुरुवार को पेगासस जासूसी केस में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई कमेटी ने बताया कि उन्हें जासूसी के शक में 29 फोन दिए गए थे, जिनमें से 5 फोन में मालवेयर मिला, लेकिन वो पेगासस था, ये कन्फर्म नहीं कहा जा सकता। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि केस में केंद्र सरकार की ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि रिपोर्ट बड़ी है और इसे पढ़ने में वक्त लगेगा, इसलिए अगली सुनवाई सितंबर के आखिरी हफ्ते में होगी। भारत सरकार ने 2017 में इजराइली कंपनी NSO ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को पांच साल पहले की गई 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपए) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डिफेंस डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में किया था।



# केंद्र की तरह महंगाई भत्ते, व सातवें वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा की मांग को लेकर मशाल रैली निकाली कर्मचारियों ने

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त से जिले भर के शासकीय सेवक फिर से आन्दोलन में उतर गए हैं। इस अनिश्चित कालीन आंदोलन के चौथे दिन आज कर्मचारीयों ने मशाल रैली निकाली।



रैली में अपनी मांगों को लेकर नारे भी लगाते रहे। संघ के ब्लॉक संयोजक बहादुर लाल कश्यप,गिरीश चन्द्र बेहेरा ने बताया कि केंद्र की तरह 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतन मांन के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता राज्य सरकार 2019 से देना बंद कर दिया है। तब से लगातार मांग करते आ रहे है पर सुनने को तैयार नहीं। मांगे पूरी नहीं होते तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आन्दोलन में प्रदीप शर्मा,सुरेश नारायन शुक्ला,संतराम प्रधान, सुकान्त बेहेरा,गुलाब सिंह कश्यप, दयाराम सिन्हा,खिलावन राय,ओमप्रकाश ठाकुर,नेपाल चन्द्र यदु,केशरी कश्यप, गनपत कश्यप,दुल्लूराम सोरी,घनश्याम मिश्रा,सुरेश बघेल,सुरेश कश्यप,पूरनचंद्र सांडिल्य,धारम मांझी,चन्द्रधवाज कश्यप समेत समस्त कर्मचारी अधिकारी शामिल थे।

92 विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर सिस्टम पटरी पर इस दो सूत्रीय मांग लो लेकर इस बार 92 कर्मचारी संगठन आंदोलन पर हैएऐसे में सारे सरकारी काम काज ठप्प पड़ा है। जनता से जुड़ी सरकारी योजनाएं हो या फि र कोर्ट की लिखा पढ़ी सारे काम काज ठप्प पड़ गए हैं। आंदोलन के दूसरे दिन लिपिक संघ वापस काम पर चले गए थे। जो 26 अगस्त से दोबारा आंदोलन पर बैठेंगे। अब तक लिपिकों के भरोसे थोड़ा बहुत सरकारी काम आगे बढ़ जा रहा था। जो 26 अगस्त से पूरी तरह से बाधित हो जाएगी।




## एक नजर

### मदिरापान की सुविधा देने पर सात के खिलाफ पुलिस कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में जिले के विभिन्न थानों के अंतर्गत 7 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 36 सी के तहत पुलिस कार्यवाही की गई है। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के प्रभारी से मिली जानकारी में बताया गया है किए सरायपाली पुलिस द्वारा आरक्षी क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली निवासी सदानंद पिता अमर सिंह सिदार 38 साल और सरायपाली नगर के वार्ड नंबर 3 महल पारा निवासी वरुण पिता संतोष यादव 37 साल तथा सरायपाली के ही ताज नगर निवासी गिरधारी पिता रवि शंकर वैष्णव 55 साल। बसना पुलिस द्वारा ग्राम झापीमउहा के कीर्तीलाल पिता स्वर्गीय देवनाथ खड़िया 48 साल। सांकरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोद निवासी अश्वनी पिता संतोष कुमार तथा धीरज भाई पिता श्याम जी भाई 37 साल सहित खल्लारी पुलिस द्वारा ग्राम खुसरुपाली के कृष्णा पिता अमरुश यादव 32 साल के खिलाफ, आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर अपराध दर्ज किया गया है।

### 13 खदानों को कंपनियों ने किया सरेंडर, छत्तीसगढ़ के तीन कोल ब्लाक

**कोरबा** । एक तरफ कोयले का संकट से पावर प्लांट अभी भी पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं तो दूसरी तरफ आवंटित कोल ब्लॉक को कंपनियां शुरु नहीं कर पा रही हैं। प्रदेश के तीन कोल ब्लॉक को कंपनियों ने शुरु नहीं कर पाने की स्थिति में सरेंडर करने का अनुरोध किया है। कोयला मंत्रालय द्वारा मई में माफी योजना लागू की गई है। इसके मुताबिक आवंटित सरकारी कंपनियों को बिना किसी दंड के गैर प्रचालनरत कोयला खानों को सरेंडर करने के लिए वन टाइम विंडो की सुविधा दी गई है। बीते तीन महीने में देश भर के 13 कोयला खदानों को सरेंडर करने के लिए सरकारी कपंनियों ने कोल मंत्रालय से अनुरोध किया है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी तीन कोल ब्लॉक हैं। इसमें से दो कोल ब्लॉक एनटीपीसी लिमिटेड को आवंटित हुए थे। जबकि एक कोल ब्लॉक गुजरात की सरकारी बिजली कंपनी गुजरात राज्य विद्युत कारपोरेशन लिमिटेड शामिल हैं। एनटीपीसी और जीएसईसीएल ने खदानों को सरेंडर करने का अनुरोध किया है। एनटीपीसी को बनई और भालूमुड़ा कोल ब्लॉक आवंटित हुई थी। जबकि गारे पाल्मा सेक्टर एक कोल ब्लॉक जीएसईसीएल को आवंटित हुई थी। प्रदेश की 12 और कोयला खदानें ऐसी हैं जो आवंटित होने के बाद भी शुरु नहीं हो पा रही है। इसमें से चोटियाए गारे पाल्मा के अलग-अलग चार सेक्टर, परसा ईस्ट, तलाईपाली, परसा, गिधपुरी, पटुरिया, मदनपुर साउथ कोल ब्लॉक को शुरु करने में देरी कर रहे बालको, हिंडाल्को, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी, अंबुजा सीमेंट, आंध्रप्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया है।

# डॉ. किशन टंडन क्रांति ने आभार व्यक्त कर सभी मीडिया साथियों को हार्दिक दिल से धन्यवाद दिये

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

अत्यंत हर्ष के साथ आप आप सभी सम्माननीय गुरुजनों एवं साहित्यकार साथियों, दिल अजीज मित्रों, परिजनों, छत्तीसगढ़ कलमकार मंच, सतनाम साहित्य कला मंच, राष्ट्रीय कवि संगम, कांकेर साहित्यकार परिषद, अपना साहित्य मंच, छत्तीसगढ़ साहित्यिक मंच, वक्ता मंच, साहित्यकार ग्रुप, अज्जाक्स, सोजलीन्फ संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट प्रतिभा मंच के सम्मानित साथियों, छत्तीसगढ़ कलाकार संघ के सम्मानित कलाकार एवं पेंटर साथियों, सहपाठियों, देवियों, सज्जनों और




उन तमाम लोगों का हृदय से शुक्रगुजार हूं जिन्होंने नोयडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से समाजशास्त्र में मुझे डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त होने पर शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी हैं। मीडिया जगत के साथियों का भी विनम्र आभारी हूं। जिन्होंने समाचार को सुन्दर कवरेज दिया। सच में कल को किसी ने नहीं देखा है। लेकिन इतना तो अवश्य है कि सुनहरा भविष्य अचानक उतरकर नहीं आता।

इसके लिए हमें सकारात्मक सोच के साथ निरन्तर कार्य करना होता है। जीत का मूलमंत्र है। गिरो नौ बार, उठो दस बार। अविश्वास का भाव उनके मन में जनमता हैए जो वक्त के कारनामों के बारे में या तो सोचता नहीं अथवा निराश होकर प्रयासों को विराम दे देता है।

भारत की इतनी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी, जहां विश्व भर से लोग विद्याध्ययन के लिए आते हैं। से पीएचडी की डिग्री मिलना मेरे लिए किसी सपने का सच होने जैसा है। इसका सूत्र यही था कि विपरीत हालातों के बावजूद मैंने अपने अन्दर के विद्यार्थी को कभी सोने नहीं दिया। बल्कि उसे निरन्तर जगाए रखा। लिखना और पढ़ना मेरे लिए भोजन की तरह है। रोज पढ़ता हूं कुछ सोचता हूं और लिखता भी हूं। भारत की स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव की पावन बेला में यह जान लीजिए कि जीवन में कुछ भी असम्भव नहीं, बस मन से हार मत मानिए और उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर हाल में ऊर्जा का अपव्यय रोकिए। खुद को स्वीकार करने के अलावा दिन भर आसमान में उड़िए। लेकिन रात को जमीन पर जरूर आ जाइए।

## बंद कोरबा पूर्व में नए संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखेंगे सरकार के समक्ष

**कोरबा** । रायपुर से पहुंची सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी की हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र का दौरा किया। समिति के सभापति व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि बंद कोरबा पूर्व संयंत्र की जमीन जल्द ही खाली होने वाली है। इस पर नया विद्युत संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

सीएसईबी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि संयंत्रों ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। संयंत्र परिसर व कालोनी में चारों तरफ हरियाली नजर आ रही। संयंत्र से निकलने वाले राख का भी समुचित निपटारण किया जा रहा।

# पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति के खिलाफ मिथ्या जानकारी देकर पंजीयन कराने का आरोप मनगढ़ंत और बेबुनियाद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मचेवा पं.क्रण. 823/2.6.2020 के संबंध में कतिपय विघ्नसंतोषी लोगों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है, जो निष्पक्ष जांच से स्पष्ट हो जाएगा इसकी उच्च स्तरीय जांच के लिए सहकारिता मंत्री और पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ को पत्र लिखा गया है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष आनंदराम पत्रकारश्री, उपाध्यक्ष दिनेश पाटकर, जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि संजय महंती, पूर्व अध्यक्ष व संचालक सदस्य उत्तरा विदानी, संचालक सदस्यगण विपिन दुबे, जसवंत पवार, मीना बाबूलाल साहू, धर्मीन पोषण कन्नौजे, राखी रत्नेश सोनी, अनिता संजय यादव, लोकेश साहू ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि मिथ्या जानकारी देकर संस्था का पंजीयन कराने का आरोप बेबुनियाद है।



इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के तथाकथित पत्रकारों द्वारा तथ्यों की गलत व्याख्या कर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं महासमुन्द को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके खिलाफ संस्था द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर और लाभ नहीं मिलने से बौखलाहट में शिकायत करने वाले विघ्नसंतोषी लोग छत्तीसगढ़ के मूल निवासी नहीं हैं। पलायन कर आए हुए लोग छत्तीसगढ़ी लोगों पर हुकूमत करने का असफ ल प्रयास कर रहे हैं। इसकी जानकारी भी छत्तीसगढ़ी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दी गई है। ये वही लोग हैं जो मुख्यमंत्री का बहिष्कार करने की धमकी देकर जिला प्रशासन पर अनर्गल दबाव बना रहे हैं। इस मामले में भी जांच अधिकारी से मिलीभगत करके तथ्यों को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया गया है। संस्था के किसी भी सदस्य ने कोई मिथ्या जानकारी नहीं दी है। कुछ बिंदुओं पर जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से मिलीभगत कर संस्था का समुचित पक्ष जाने बिना, शिकायतकर्ताओं के तथाकथित फर्जी बयान जो जांच रिपोर्ट में संलग्न ही नहीं है, के आधार पर गलत व्याख्या की है। जिससे समूची जांच कार्रवाई संदेहास्पद है, यह जांच, समिति के 27 सदस्यों वाले पत्रकार परिवार को स्वीकार्य नहीं है। कार्यक्षेत्र का चिन्हांकन प्रस्तावित भूखण्ड मचेवा को केंद्रित कर किया गया है अर्थात समिति का कार्यक्षेत्र ग्राम पंचायत मचेवा तक सीमित है प्रवर्तक सदस्य वहीं के निवासी हो इसकी बाध्यता नहीं है। यदि ऐसा होता तो तत्कालीन उप पंजीयक पंजीयन ही नहीं कर सकते थे। जैसे त्रिमूर्ति गृह निर्माण सहकारी समिति महासमुन्द का कार्यक्षेत्र महासमुंद है। तब दूसरे क्षेत्र महासमुंद से बाहर के लोग यहां सदस्य कैसे बने हैं। कॉलोनी बसने पर प्रवर्तक सदस्य स्वमेव कार्यक्षेत्र के स्वाभाविक निवासी हो जाते हैं। किसी भी गृह निर्माण सहकारी समिति के प्रवर्तक सदस्य उस क्षेत्र के निवासी भला कैसे हो सकते हैं, यह तो अव्यवहारिक उपविधि है। यदि मिथ्या शिकायत को थोड़ी देर के लिए सही भी मान लिया जाए तो तत्कालीन संगठक और उप पंजीयक क्या निरक्षर थे, जिन्होंने विधि विरूद्ध कथित तौर पर समिति का पंजीयन कर दिया। यदि थोड़ी देर के लिए यह भी मान लिया जाए कि कथित तौर पर गलत जानकारी दी गई है, जिस पर पत्रकार गृह निर्माण समिति का पंजीयन हुआ। तब भी यह ज्वलंत सवाल है कि जिस अधिकारी ने निर्वाचन संपन्न कराया है, वही अधिकारी कुछ खुरापाती पत्रकारों के दबाव में जांच अधिकारी की हैसियत से पंजीयन में गड़बड़ी बता रहे हैं। तब उन्होंने कथित तौर पर गलत ढंग से पंजीकृत समिति का पंजीयन पश्चात प्रथम निर्वाचन क्या आंखें बंद करके करा दिया। तब उन्हें नियम का ज्ञान नहीं था।

# आयुष पाली क्लीनिक में हुई शुगर और बीपी की नि:शुल्क जांच



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद, डॉक्टर विजय साहू के निर्देशानुसार 25 अगस्त को शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में नियमित रूप से प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाले सियान जतन क्लिनिक पर्व वृद्धजनों हेतु विशेष ओपीडी में नि:शुल्क शुगर, रक्तचाप एवं वजन का जांच किया गया। प्रभारी शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद, डॉक्टर सर्वेश दूबे, एमडी आयुर्वेदद्ध के द्वारा लोगों को मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान डॉक्टर दूबे ने बताया कि जितना जल्दी हम मधुमेह और उदय रक्तचाप को पहचान लेते हैं उतना ही आसान उसका प्रबंधन हो जाता है। आज स्थिति यह है कि भारत को मधुमेह की राजधानी कहा जाता है। हमारे देश में आज लगभग साढ़े सात करोड़ मधुमेह के रोगी हैं जो कि एक अनुमान के अनुसार के 2045 तक साढ़े तेरह करोड़ हो जायेंगे। हमारे देश में बीमारियों से जो मौतें होती हैं उनमें गैर संचारी रोगों का प्रतिशत साठ प्रतिशत से भी अधिक है। गैर संचारी रोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप महत्वपूर्ण इसलिए हो जाते हैं कि ये दयाधियां स्वयं जो दुष्प्रभाव डालती हैं वह तो अलग बात है साथ ही साथ यदि कोई अन्य बीमारी हो गई तो उसके अवस्था को और बिगाड़ देती हैं। कोरोना के संक्रमण में हम लोगों ने देखा कि जो लोग ऐसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे उनको बुरी अवस्था से गुजरना पड़ा यहां तक कि मौत के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई। बहुत अधिक समय बीत जाने पर मधुमेह और उच्च रक्तचाप शरीर के अन्य अगों को अधिक हानि पहुंचा देते हैं। गैर संचारी रोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप प्रमुख हैं जो कि हमारे जीवन शैली में व्यतिक्रम से उत्पन्न होते हैं। ऐसे सभी लोग जिनका कि वजन अनियंत्रित है और परिवार में भी इन बीमारियों की हिस्ट्री है तो ऐसे लोगों को समय समय पर रक्तचाप और ब्लड शुगर का जांच करवाना ही चाहिए। बहुत अधिक पेशाब का होना, बार-बार होना। अधिक भूख लगना, वजन का घटना, अधिक प्यास, पैरों में सुन्नता, नसों में झनझनाहट, घाव का देरी से भरना, थकान लगना, शारीरिक कमजोरी होना आदि हो तो मधुमेह की आशंका की जा सकती है। सिर में दर्द रहना, शिर में भारीपन, चक्कर आना, नाक से खून आ जाना, आंखों से ठीक से दिखाई न देना, मिचली आना, मांसपेशियों में दर्द बना रहना, चेहरे पर काले धब्बे आना आदि लक्षण मिलने पर चिकित्सक से सम्पर्क अवश्य करें। आपको मधुमेह या उच्च रक्तचाप की बीमारी हो सकती है। प्रतिदिन व्यायाम, मादक पदार्थों का सेवन न करना, वजन को नियंत्रित रखना, पौष्टिक आहार सेवनए चीनी और नमक की मात्रा को नियंत्रित रखना आदि आचरण बहुत आवश्यक है। दैनिक दिनचर्या में।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ हाट बाजार में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कोरबा** । देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और खाद्य पदार्थों में जीएसटी के खिलाफ जिला कांग्रेस व ब्लाक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में बाल्को हाट बाजार में हल्ला-बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार मंहगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि हल्ला बोल के दौरान पार्टी कार्यकर्ता व नेता जनता से देश में बढ़ती महंगाई, केंद्र सरकार की गलत नीतियों को लेकर भी चर्चा करेंगे और उन्हें बताएंगे कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते ही देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है।

## गंदा पानी से नाराज कालोनी की महिलाओं ने किया चक्काजाम

**कोरबा** । कोयला लोड ट्रक व ट्रेलरों के आवागमन से कीचड़ होने व गंदा पानी कालोनी में घूसने से नाराज दीपका कालोनी की महिलाओं ने चक्काजाम कर दिया। लगभग पांच घंटे चले आंदोलन की वजह से गौरव पथ में वाहनों की आवाजाही थम गई। एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा सफाई कराने व सूखे दिनों में धूल प्रदूषण रोकने के लिए पानी छिड़काव करने का आश्वासन दिया, तब आंदोलन समाप्त हुआ। साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस् लिमिटेड एसईसीएल दीपका व गेवरा खदान से निकलने वाले कोयले का परिवहन भारी वाहनों के माध्यम से सड़क मार्ग से भी किया जाता है।

# अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका की बंद मूत्रालय में मिला 45 पव्वा देशी शराब

नगर पालिका अध्यक्ष महिलांग ने बंद मूत्रालय में पीने और पिलाने की व्यवस्था को किया ध्वस्त



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर पालिका द्वारा शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के कार्यवाही के दौरान बिन्नी बाई सब्जी मार्केट में बंद पड़े मूत्रालय से 45 पव्वा देशी शराब और दो बोरी शराब की खाली बोतल बरामद किया गया है। जिसे नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पुलिस के हवाले किया। वहीं मूत्रालय और उससे लगे एक ठेले में अघोषित रूप से बनाए गए आहता को भी जेसीबी से ढ़हाया गया।

शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, सभापति निखिलकांत साहू, पवन पटेल, पार्षद महेन्द्र जैन, हफीज कुरैशी, मंगेश टांकसाले एल्डरमैन जावेद चौहानए सुनील चंद्राकर, सीएमओ आशीष तिवारी, ट्रैफिक, पुलिस प्रशासन सहित पालिका के विभाग प्रमुख और कर्मचारी की संयुक्त टीम राष्ट्रीय राज मार्ग 353 पर निकले। टीम ने मुख्य मार्ग से लगे कुछ दुकानों के बाहर रखे होडिंग्स को जब्त किया। और डस्टबिन दुकानों के सामने रखने की हिदायत दी। इंदिरा मार्केट के कुछ दुकानदारों द्वारा नेशनल हाईवे द्वारा बनाए गए नाली पर 35-40 फीट स्लेव ढ़लाई देखकर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग भड़क उठी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष महिलांग ने दुकानों का निर्धारित स्थान को छोड़कर मार्किंग कर स्लेव तोड़ने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष महिलांग ने व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इतने लंबी स्लेव ढ़लाई करने से कर्मचारी नालियों की सफाई कैसे कर सकते हैं। नपाध्यक्ष महिलांग ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए गुरु घासीदास बस स्टैंड के पिछले हिस्से में सब्जी मार्केट से लगे बंद पड़ी मूत्रालय के पास शराब बेचने व पीने पिलाने की मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मूत्रालय और उसी से लगे आहता नुमा ठेल के पास देशी शराब के बहुत सारे ढ़क्कन देख कर शंका जाहिर करते हुए मूत्रालय में लगे ताला तोड़ने के निर्देश दिए। बाद जेसीबी मशीन से गेट को तोड़ा गया। अंदर देखने पर सब्जी के कैरट में 45 पव्वा देशी शराब और दो बोरी भर कर खाली बोतल पाया गया। नपाध्यक्ष महिलांग ने शराब और खाली बोतल पुलिस के हवाले किया। उन्होंने मूत्रालय और अघोषित रूप बनाएं गए आहता को तोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उक्त ठेले को वहां से हटाने को कहा। बाद सब्जी व्यापारियों से नगर पालिका द्वारा आबंटित आहता के दायरे में सब्जी बेचने की अपील की।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष रूप से कराने, महाविद्यालयों में सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से यह मानते आया है कि छात्र कल का नहीं अपितु आज का नागरिक है। किसी भी लोकतांत्रिक देश के नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवित रहना अत्यंत आवश्यक है**







लोकतांत्रिक मूल्य सतत रूप से सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय। भी हैं। इसी बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेमेतरा जिला के कार्यकर्ताओं ने, बेमेतरा जिला के सभी प्रमुख महाविद्यालयों में ज्ञापन सौंपा व छात्र संघ चुनाव को प्रत्यक्ष रूप से कराने की मांग किया।

जिसमें बेमेतरा जिला के जिला संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया की एबीवीपीजिला के सभी कॉलेजों में लगातार सक्रिय है। चाहे कोरोना काल के समय ऑनलाइन एग्जाम में प्रश्न पत्र पहुंचाने की सुविधा हो अथवा जमा करने की एबीवीपी जिला बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के बीच लगातार सक्रिय भूमिका निभाए हैं। अगर छात्र संघ चुनाव होता है तो निश्चित रूप से समस्त विद्यार्थियों का समर्थन एबीवीपी को ही प्राप्त होगा। सभी महाविद्यालयों में ज्ञापन वहां के नगर मंत्रियों के द्वारा सौंपा गया।

पीजी कॉलेज बेमेतरा में नगर सह मंत्री वासुदेव साहू, बेरला महाविद्यालय में बेरला इकाई के नगर सह मंत्री शैलेंद्र साहू, साजा महाविद्यालय में साजा के नगर मंत्री रंजीत राजपूत नवागढ़ महाविद्यालय में नवागढ़ इकाई के नगर मंत्री प्रशांत रजक रहे।

# चीतल का मांस मिलने पर वन विकास निगम की कार्यवाही, 5 गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर कोटा मार्ग स्थित भैसाझार नर्सरी के पास मेडरापारा के आसपास के जंगलों से चितलो का शिकार करने की घटना सामने आई है। वन विकास निगम के एसडीओ ने बताया कि उन्हें उनके स्टाफ के द्वारा मोबाइल से सूचना मिली कि चीतल का मांस मेडरापारा के पास मिला है जिस पर एसडीओ ने मौके पर जाकर देखा तो एक बोरी और एक थैले में चीतल का मांस लावारिस जगह पर एक शौचालय में मिला। बताया गया कि वहां पर किसी ने इसे छुपाया है ऐसा प्रतीत हो रहा है जिस पर डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। तब डाग के द्वारा आसपास के दो घरों पर पहुंचने से वहां हड़कंप मच गया। वन विभाग के द्वारा घर में तलाशी लेने से पका हुआ मांस मिला पूछताछ करने पर पता चला की दुर्गेश और रोहित नामक व्यक्ति से घरवालों ने मांस खरीदा है तब दुर्गेश और रोहित की पतासाजी की गई। पर आरोपी नहीं मिले और उनके परिजनों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया है फिलहाल आरोपी अभी फरार है वन विकास निगम की एसडीओ भुनेश्वरी अदिति का कहना है कि फिलहाल इस पर अभी जांच जारी है किस हथियार से काटा गया कहां पर शिकार किया गया यह भी जांच का विषय है इनके द्वारा यह भी बताया गया की भैसाझार नर्सरी के आसपास लगभग दो से ढाई सौ चितल का आना जाना यहां पर लगा रहता है और हमें समय-समय पर चितल की शिकार करने वालों के कुछ जाली वगैरा समय-समय पर मिलते रहते हैं जिसे हमारे द्वारा निकलवाया जाता है इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वन विकास निगम के मातहत अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक की लापरवाही का ही नतीजा है कि चितल के शिकार करने वालों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन चीतल का शिकार किया जा रहा है अब देखने वाली बात यह होगी कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक होती है और इन पर क्या कार्यवाही की जाती है या यूं ही हमेशा की तरह मामला को रफ-दफा कर दिया जाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# कथा श्रवण करने से भव सागर पार होते हैं-अमित यादव

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा में चल रहे महाशिवपुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान शिव पार्वती के विवाह के पश्चात संध्या आरती में सामिल हुए अमित यादव जनसेवक जहां पर कथा वाचक दीदी पुष्पांजलि से आशीर्वाद प्रदान कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि कामना किया है आज हरी लीलामृत सेवा संस्थान के तत्वाधान में दिव्य सवा लाख पर्थिवश्वर महारुद्राभिषेक एवं संगीतमय शिव महापुराण दिनांक 19 अगस्त से 26 अगस्त 2022 तक स्थान कृषि उपज मंडी प्रांगण बेमेतरा में कथा समय दोपहर 1 से 5 तक किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिन कलश यात्रा 19 अगस्त शुक्रवार प्रात 10 बजे से प्रारंभ हुआ था जिसके मुख से कथा रसपान कराया जा रहा है अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि वृन्दावन धाम उत्तर प्रदेश, के द्वारा रसपान कराया जा रहा है जिसमें आयोजक समिति स्वयं शिव माता पार्वती एवं संपूर्ण शिव भक्तजन जिला बेमेतरा।



# 4 सितंबर को राजिम में होगी प्रदेश गुप्ता समाज की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**कसौधन वैश्य गुप्ता समाज की बैठक में बनी सहमति**




कसौधन वैश्य गुप्ता समाज महासमुंद इकाई ने जोन क्रमांक 3 रायपुर की बैठक आयोजित की। बैठक में रायपुर, धमतरी, राजिम, आरंग, दुर्ग, भिलाई इकाइयों के महिला पुरूष पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में जोन क्र.3 रायपुर उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता, भिलाई संरक्षक रामकुमार गुप्ता। बैहार राजकुमार गुप्ता, प्रदेशाध्यक्ष शीला गुरू गोस्वामी,दीपशिखा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, साहेब बीएन गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, अनंत गुप्ता मंचस्थ रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम महर्षि कश्यप की पूजा-अर्चना आरती किया। बैठक में जोन क्रण.3 की को गढ़ बनाने नौ अक्टूबर को मेजबानी में राजिम में प्रदेश गुप्ता भिलाई में जोन स्तरीय पारिवारिक की। भावना गुप्ता, अमिता गुप्ता, समाज की बैठक हेतु चार सितंबर स्नेह सम्मेलन हेतु सहयोग राशि रोमा गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत को सहमति, जोन क्र. 3 रायपुर प्रत्येक सदस्यों से लेना तय किया गया। गढ़ निर्माण हेतु संविधान का प्रारूप राजेन्द्र गुप्ता धमतरी ने प्रस्तुत किया। गायत्री गुप्ता, आरती गुप्ता, सरस्वती गुप्ता, पुष्पा गुप्सा, उषा गुप्ता, किरण गुप्ता, अनिल गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, जानकी गुप्ता ने भी विचार रखे। जोन सभा अध्यक्ष, संरक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों का विनय गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। राष्ट्रगीतए दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पण के साथ बैठक का समापन किया गया। सभा का संचालन पूर्व प्रदेश महासचिव राजकुमार गुप्ता महासमुंद ने किया। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गौरव गुप्ता ने दी है।

# एएसपी बेमेतरा ने किया महिला सेल का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने महिला सेल का निरीक्षण किया। एएसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस स्टाफ को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। तथा महिला सेल की साफ-सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा महिला सेल में प्राप्त शिकायतो का समय पर काउंसिलिंग कार्यवाही करने एवं महिला सेल में शिकायत करने आये महिला आगंतुक, रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी शिकायतो को गंभीरता पुर्वक लेते हुये उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक नीता राजपूत, महिला प्रधान आरक्षक पुनम ठाकुर, रीना गायकवाड, आरक्षक ऋतु यादव, एएसपी कार्यालय से प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सिंह, आरक्षक राजेश नाथ योगी, मनीष देवांगन एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जैविक किसान अवॉर्ड से सम्मानित हुए किशोर राजपूत

## राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया थे मुख्य अतिथि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान किशोर कुमार राजपूत को औषधीय फसलों की व्यवसायिक खेती जैविक पद्धति से करने के लिए भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ व आईआईएएसडी के तत्वावधान में 20 व 21अगस्त पिंजरापोल गौ शाला के सुरभि भवन टोंक रोड जयपुर में लालचंद कटारिया पशुपालन और कृषि मंत्री राजस्थान सरकार, दिनेश गिरी महाराज प्रदेश अध्यक्ष गौ सेवा समिति राजस्थानएराष्ट्रीय संत 1008 महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वर नाथ महाराज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने जैविक किसान अवार्ड 2022 से सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि भागोलिंक दृष्टिकोण के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य देश के तीसरे सबसे बडा वन संपदाओ से भरा हुआ प्रदेश है। यहां के जंगलों में अनेक प्रकार के जीवनोंपयोगी जड़ी बूटियां पाई जाती हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ राज्य को हर्बल स्टेट का दर्जा प्राप्त है। परंतु औषधीय गुणों से भरपूर इन पौधों की पत्तियां,तना, जड़, फ ल,फू ल का अत्यधिक उपयोग करने के कारण से जंगलों से जड़ी बूटियां विलुप्त होते जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग को पूरा करने के लिए व्यवसायिक खेती करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जहां खेतों को जहर मुक्त बनाने के लिए गाय का गोबर और गोमूत्र खरीदी शुरू किया गया है। इन्ही गोबर और गोमूत्र से औषधीय पौधों की व्यवसायिक खेती किशोर कुमार राजपूत के द्वारा किया जा रहा है। और राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हर्बल बाजार में अच्छे दाम में बेच रहे हैं। साथ ही साथ अन्य किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ औषधीय फसलों की व्यवसायिक खेती करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह में जैविक खेती से संबंधित प्रशिक्षण, अनुसंधान, व्यवसाय एवं प्रायोगिक शिक्षा से संबंधित दशकों का अनुभव रखने वाले सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर के मुख्य सलाहकार डॉ. सुधांशु, अंतरराष्ट्रीय उन्नत कृषि कौशल विकास संस्थान की निदेशक डॉ. रोहांगीज हयाती दहियाए अभिलाषी विश्वविद्यालय के एसो.प्रो. एवं निदेशक अनुसंधान डॉ. अजय कुमार गौतम तथा कृषि विशेषज्ञ अमोल खंदारे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्र हुआ। साथ ही रेगिस्तानी पौधे को पूरे जीवन काल में 1 लीटर पानी से पनपाने की तकनीक विकसित करने वाले नवाचारी किसान वैज्ञानिक व पद्मश्री से अलंकृत सुंडाराम वर्मा ने नवाचारी किसानों का मार्गदर्शन किया। वहीं, जैविक कृषि पर आधारित सब्जियों में प्रति पौधे से प्राप्त उत्पादन का विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर देश का नाम रोशन करने वाले पदमश्री जगदीश प्रसाद पारीक का विशेष सत्र हुआ। इस अवसर पर नेशनल मेडिशनल प्लांटस बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर, नॉर्थन रीजन प्रथम डॉ.अरूणचंदन व बोर्ड के सदस्य राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेनरी एंड एनिमल सांइसेजए बीकानेर के पूर्व कुलपति डॉ. विष्णु शर्मा, पदमश्री हुकमचंद पाटीदार, प्राकृतिक खेती शोध संस्थान के संस्थापक ताराचंद बेल जीए वरिष्ठ कृषि पत्रकार डॉक्टर महेंद्र मधुप, जय श्रीवास्तव, राहुल दीक्षित, हृदयेश शर्मा, उत्तम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। किशोर कुमार राजपूत ने आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल गुप्ता,मोनिका गुप्ता,संगीता गौड़ के साथ सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर

### भूपेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री का सफेद झूठ शर्मनाक और युवाओं का अपमान है-राकेश चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे का सार्वजनिक पत्रकारवार्ता में झूठ बोलना बेहद शर्मनाक है व युवाओं का अपमान है यह बात प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश चन्द्राकर ने कही। राज्य की कांग्रेस सरकार ने चुनाव पूर्व अपनी जन घोषणा में 2500 रुपए महीने देने का दम भरा था। ऐसे में वो सरकार भी बना लिए आज करीब साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है ऐसे में राज्य के युवा अपनी हक मांगने सड़कों पर उत्तर आए है। युवा मोर्चा के द्वारा बेरोजगारी भत्ता का मांग को लेकर राजधानी में मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम जारी था। ऐसे में राज्य सरकार के प्रवक्ता व वरिष्ठ मंत्री रविन्द्र चौबे के द्वारा कोरा झूठ पत्रकारवार्ता में बोलना की हमने अपनी किसी भी जन घोषणा पत्र में बेरोजगारी भत्ता का उल्लेख ही नही है एक सरकार के वरिष्ठ मंत्री का इस प्रकार झूठ बोलना राज्य के लाखों युवाओं के साथ खिलवाड़ व अपमान है ऐसे झूठे राज्य सरकार के मंत्रियों को आने वाले समय में राज्य के युवा इनका सही जवाब देगा।

### कोतवाली थाना क्षेत्र से 14 साल की नाबालिक का अपहरण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम भीमचा की एक 14 वर्षीया नाबालिक का अज्ञात द्वारा अपहरण कर लिया गया हैए पिता की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 363 ; अपहरण द्ध का अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। घटना 23 अगस्त के दोपहर 1:30 बजे की बताई गई है। पुत्री के गायब होने के बाद पिता ने अपने स्तर पर, पतासाजी की कोशिश की, जिस पर नाकाम रहने के बाद उसने कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सुंदर चाप सेंटर के संचालक ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

होटल संचालक द्वारा दूसरे होटल में कार्य कर रहे मिस्त्री से मारपीट करने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने मिस्त्री की पत्नी की शिकायत पर आरोपी होटल संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड 19 गंजपारा निवासी पुष्पा यादव ने बताया कि पति मनीष यादव सुन्दर चाप सेंटर में लगभग 1 माह पूर्व मिस्त्री का काम कर रहे थे। होटल मालिक सुन्दर साहू ने किसी बात को लेकर काम छुड़वा दिया। पति सुन्दर से 10 हजार रुपए कर्ज लिया था जिसमें 7500 रुपए वापस कर चुके हैं। उनके होटल में काम करना छोड़ दी है। वर्तमान में पति बेलसोंडा के राम होटल में मिस्त्री कार्य कर रहे हैं। 24 अगस्त को 12 बजे सुन्दर साहू राम होटल आया और मेरे यहां काम छोड़ चुका है और मेरा रुपए वापस नहीं कर रहा है। कहकर अश्लील गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देते लकड़ी से पति के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपी होटल संचालक ने 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

उड़ीसा से इलाज करवा कर वापस लौट रहे जिले के सराईपाली निवासी सुभाष नायक पिता निरंजन नायक 38 साल की अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार देने से मौत हो जाने पर सिंघोड़ा पुलिस द्वारा भारतीय दंड विधान की धारा 304, के अंतर्गत अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली के महल पारा निवासी सुभाष नायक कुछ समय पूर्व दाहिना पैर टूट जाने से, सोहेला उड़ीसा में उसका उपचार नियमित रूप से करा रहा था। बीते 7 अगस्त को दोपहर में वह सोहेला से वापस लौट रहा था तभी ग्राम छूईपाली के पास एन एच 6 पर किसी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार देने के बाद, सुभाष नायक को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल सरायपाली लाया गया था जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कर कायम कर विवेचना की जा रही थी। जिस पर कल 24 अगस्त को आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध पंजीबद्ध किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in